पेज थ्री देहरादून

केन्द्रीय पशुपालन राज्यमंत्री का स्वागत करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।





देहरादून, शनिवार 15 जून, 2019

# हमारा दून




## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वरिष्ठ भाजपा नेता महेश्वर बहुगुणा की धर्मपत्नी अरूणा बहुगुणा के निधन पर शोक व्यक्त किया है, उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति और शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून, आजखबर। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत सहसपुर व डोईवाला पुलिस ने अलग–अलग मामलों में फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी तथा वारन्टों की तामील के क्रम में कार्यवाही करते हुये चौकी सभावाला, थाना सहसपुर पुलिस द्वारा एक वारन्टी कासिम निवासी ग्राम हसनपुर थाना सहसपुर को गिरफ्तार किया गया है।

### दो गौवंश के साथ आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**संवाददाता** देहरादून। पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद भी पछुवादून में गौ कशी थमने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि गौ कशी करने वाले दिन–दहाड़े वाहनों में भरकर पुलिस की नाक के नीचे से गौवंश ले जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें एक वाहन में गौकशी के लिए लेकर जा रहे एक आरोपी को पुलिस ने वाहन सहित पकड़ लिया।

### एम्स के चिकित्सकों ने किया कार्यबहिष्कार

**संवाददाता** ऋषिकेश। कोलकाता के नीलरतन सरकारी मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में एम्स ऋषिकेश के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन से जुड़े चिकित्सक शुक्रवार को कार्यबहिष्कार पर रहे। उनका कहना था कि यदि हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं की जाती तो उनका आंदोलन आगे भी बढ़ सकता है। एम्स में जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### कस्टमाइजेबल 'मैक्स लाइफ स्मार्ट टर्म प्लान लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. ("मैक्स लाइफ" / "कंपनी")ने अपने कस्टमाइजेबल 'मैक्स लाइफ स्मार्ट टर्म प्लान' लॉन्च करने की आज घोषणा की। यह प्लान ग्राहकों को लाभ तथा सुविधाओं की विस्तृत श्रृंखला से अपने मुताबिक चयन कर अपनी सुरक्षा के समाधान को अनुकूलित करने के लिए लचीलापन प्रदान करेगा।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर हुआ मंथन

**बैठक**

■ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते एडीएम।

देहरादून। **संवाददाता**

अपर जिलाधिकारी प्रशासन रामजी शरण शर्मा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित।

बैठक में सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े विभागों यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित सम्बन्धित अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा सड़क मार्ग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु उठाये जाने वाले विभिन्न कदम की विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक की शुरूआत में पुलिस विभाग और परिवहन विभाग द्वारा हाल के महीनों में घटित सड़क दुर्घटनाओं और उसमें मृतक व्यक्तियों के क्षेत्रवार विवरण को प्रस्तुत किया गया, जिसमें अधिकतर कारण ओवरस्पीडिंग से वाहन चलाना बड़ा कारण सामने आया। अपर जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों को अपने विभागीय स्तर पर तथा सामुहिक स्तर पर दोनों तरीकों से दुर्घटना घटित विभिन्न क्षेत्रों का सामूहिक निरीक्षण करते हुए उसकी विभिन्न पहलुओं से जाचं करते हुए रिपोर्ट तैयार करने के तत्पश्चात सामने आई विभिन्न कमियों और किये जाने वाले सुधारात्मक उपायों पर काम करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने सैंट जूड्स चौक पर अवैध होर्डिंग एवं फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिये। उन्होंने सभी विभागों और सदस्यों को सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को पूर्ण करने की बात कही। इस अवसर पर एमडीडीए के सचिव जी.सी गुणवंत, यातायात पुलिस के अनिरूद्ध भण्डारी, एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक जोशी ने किया केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान का स्वागत

**संवाददाता** देहरादून। सहस्त्रधारा के निकट सेरागांव पहुंचे केन्द्रीय मंत्री एवं मुज्जफरनगर से सांसद डा. संजीव बालियान का मसूरी विधायक गणेश जोशी ने पुष्पगुच्छ एवं श्री बद्रीनाथ धाम की प्रतिकृति देकर स्वागत किया। विधायक जोशी ने केन्द्रीय पशुपालन, डेरी विकास एवं मत्स्य राज्यमंत्री डा. संजीब बालियान से मसूरी विधानसभा क्षेत्र के सरोना न्यायपंचायत क्षेत्र में पशुपालन, डेरी एवं मत्स्य से सम्बन्धित क्षेत्र में विकास योजनाऐं दिये जाने का अनुरोध किया। डेरी का कार्य इस क्षेत्र में अधिक सफल रह सकता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुण्डीर, ग्राम प्रधान कृपाल जवाड़ी, समीर पुण्डीर, सुन्दर सिंह पयाल, वीर सिंह चौहान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# क्षेत्रवासियों के साथ कुमाऊ क्षेत्र के लोगों को भी मिलेगा लाभ

**लोकार्पण**

4.36 करोड़ की लागत से निर्मित 45 मीटर लम्बे मलोट ब्रिज का लोकार्पण किया

पिरूल से बिजली बनाने के प्रयास आरम्भ हो गये हैः मुख्यमंत्री





कर्णप्रयाग में सिमली–ग्वालदम रोड पर बीआरओ द्वारा निर्मित पुल के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

**संवाददाता**

देहरादून/चमोली। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने नौली, कर्णप्रयाग में सिमली–ग्वालदम रोड पर बीआरओ द्वारा 4.36 करोड़ की लागत से निर्मित 45 मीटर लम्बे मलोट ब्रिज का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सिमली बाजार से ग्राम सिमली गांव तथा देवल से सिदोली गांव मोटर मार्ग निर्माण, गैरसैण ब्लाक के हाईस्कूल गोगना के दो कक्षा कक्षों का निर्माण, जून माह में गैरसैंण के लामबगड़ में आई बाढ़ से ग्राम लामबगड की बाढ़ सुरक्षा, नौली देवथापली रतूड़ा अनुसूचित बस्ती तक मोटर मार्ग तथा उज्जवलपु–सैंज धारकोट घण्डियाल मोटर मार्ग निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि ब्रिज निर्माण से क्षेत्रवासियों के साथ–साथ कुमाऊ क्षेत्र के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार का प्रयास प्रदेश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व पेयजल की योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये योजनायें बनायी जा रही हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में युवा स्वरोजगार से जुडेंगे तो पलायन को रोकने में मदद मिलेगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसे उद्योग का दर्जा दिया गया है। अब प्रदेश में पर्यटन व्यवसाय के लिए उद्योगों की भांति सुविधायें मिलेंगी। उन्होंनें कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ के क्षेत्र में भी काफी कार्य किये गये हैं। स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से चारधाम मार्ग सहित चारो धामों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

10 करोड़ की धनराशि सिमली बेस महिला अस्पताल के लिये स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष उत्तराखण्ड में आने वाले यात्रियों व पर्यटकों की संख्या में तीन से चार गुना वृद्धि हुई है। आने वाले समय में जब चारधाम सड़क के साथ ही अन्य सड़कों का निर्माण पूर्ण हो जायेगा इससे पर्यटकों की तादात और बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिरूल से बिजली बनाने के प्रयास आरम्भ हो गये हैं। चमोली के सोनला में एक प्रोजेक्ट लगाया गया है जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। उत्तराखण्ड भारत का पहला राज्य है जिसमें टिहरी में ड्रोन कैमरे से 38 किमी दूर ब्लड भेजा गया है। विधायक कर्णप्रयाग सुरेन्द्र सिंह नेगी ने क्षेत्र की समस्याओं से सीएम को अवगत कराते हुए सीमा सड़क संगठन के जवानों एवं पुल निर्माण में भागदारी करने वाले सभी को बधाई दी।

बीआरओ के एडीजी अनिल कुमार ने कहा कि नौली कर्णप्रयाग में मनोट ब्रिज पुल का निर्माण निर्धारित अवधि से पहले ही पूरा किया गया है।

## यूपीईएस के कुलपति एवं फेकल्टी को बधाई दी



'ग्रेट प्लेश टू वर्क'' पुरस्कार प्राप्त करने पर यूपीईएस के कुलपति एवं फेकल्टी को बधाई देते सीएम।

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने यूनिवर्सिटी ऑफ पैट्रोलियम एण्ड इनर्जी स्टडीज (यूपीईएस) को अमेरिका के प्रसिद्ध संस्थान ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्ट्टीयूट द्वारा ''ग्रेट प्लेश टू वर्क'' पुरस्कार प्रदान किये जाने पर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं फेकल्टी को बधाई दी है। गुरूवार को विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही छात्रों को उद्यमिता के लिये प्रेरित करने के लिए विश्वविद्यालय को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा रोजगार पाने के बजाय रोजगार देने में सक्षम हो, इसकी भी पहल छात्रों में प्रबन्धकीय कौशल विकास के साथ विश्वविद्यालयों को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपीईएस को प्राप्त यह पुरस्कार अन्य विश्वविद्यालयों के लिये भी प्रेरणा का कार्य करेगा।








स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।